● **सुनो, समझो और गाओ :**


# १५. नीला अंबर

*–डॉ. हनुमंत नायडू*

**जन्म :** १९३३ **मृत्यु :** २६ फरवरी १९९८ **रचनाएँ :** 'नीला अंबर साथी मेरा' और 'बंबई की कहानी' इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं ।
**परिचय :** डॉ. हनुमंत नायडू तेलुगु भाषी हिंदी साहित्यकार हैं ।
इस कविता में प्रकृति की विशेषताएँ एवं प्रकृति से मानव का सहसंबंध बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है ।

**अध्ययन कौशल**

वायुमंडलीय स्तर की आकृति बनाओ और नामांकित करो ।




नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।
ऊँचा पर्वत साहस मेरा,
मन मेरा नवनीत है ।।

उगता सूरज दीपक मेरा,
चंदा मेरा प्यार है ।
हर बदली मेरी करुणा है,
खुशियाँ खिली बहार है ।।

आँधी की वीणा है मेरी,
तूफानों का गीत है ।
नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।।

पंछी रंग-बिरंगे सपने,
कली-कली मुसकान है ।
हर घर मेरा मंदिर-मस्जिद,
हर मानव भगवान है ।।

❑ कविता का सस्वर पाठ करें । प्रकृति तथा मानव के सहसंबंध को स्पष्ट करें । दो-दो पंक्तियों का वाचन कराएँ । पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट करें । प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों को पूरी कविता का आशय समझाएँ ।




## खोजबीन

पुस्तक की यात्रा शुरू से अब तक कैसे हुई, अंतरजाल की सहायता से खोजो ।

इस बगिया के फूल-फूल क्या,
काँटों तक से प्रीत है ।
नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।।

यह धरती मेरी माता है,
मैं धरती का पूत हूँ ।
नवयुग की हर नई सुबह का,
मैं ही पहला दूत हूँ ।।

मेरी राहें लिए आरती,
गले लगाती जीत है ।
नीला अंबर साथी मेरा,
सागर मेरा मीत है ।।





## मैंने समझा



---------------------------------------------------------------------------
---------------------------------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**
अंबर = आकाश
मीत = मित्र
नवनीत = मक्खन
बदली = छोटा-सा बादल
पूत = बेटा
**मुहावरे**
गले लगाना = प्यार से मिलना



## स्वयं अध्ययन

पक्षीमित्र डॉ. सलीम अली के बारे में जानकारी इकट्ठा करो ।



## विचार मंथन



।। जीवदया ही भूतदया है ।।

## सुनो तो जरा

कोई हास्य कविता सुनो और सुनाओ ।

## बताओ तो सही

अपने देखे हुए किसी मजेदार सपने के बारे में बताओ ।

## वाचन जगत से

कविवर सुमित्रानंदन पंत की कोई कविता पढ़ो और किन्हीं चार पंक्तियों का सुलेखन करो ।

## मेरी कलम से

विद्यालय के पर्यटन संबंधी एक सूचना पत्र बनाओ ।

## * कविता की पंक्तियाँ पूरी करो ।

१. उगता सूरज ........................
....................................
....................................
........................... बहार है ।

२. यह धरती .........................
....................................
....................................
............................. दूत है ।

## जरा सोचो तो ... बताओ


यदि संगीत न हो तो .....

## सदैव ध्यान में रखो

प्राकृतिक संपदाओं की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है ।

## भाषा की ओर

दिए गए उपसर्ग लगाकर नए शब्द रेल की खिड़की में तथा नीचे दिए गए शब्दों से उपसर्ग अलग कर पहियों में लिखो ।



# ✻ पुनरावर्तन ✻ १

१. रेडियो पर प्राणी/पक्षी संबंधी गीत सुनो ।

२. प्रथमोपचार पेटी में क्या-क्या होता है, बताओ ।

३. 'संतुलित आहार' संबंधी पत्रिका पढ़ो ।

४. अपने विद्‌यालय में मनाए गए राष्ट्रीय पर्व का कोई प्रसंग लिखो ।

५. अक्षर समूहों में से संत कवियों के नाम ढूँढ़ो और लिखो :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स | र | न | खा | ---------- |
| ने | र | श्व | ज्ञा | ---------- |
| दा | र | सू | स | ---------- |
| री | बि | हा | | ---------- |
| व | म | दे | ना | ---------- |

## उपक्रम/प्रकल्प

| | | | |
|---|---|---|---|
| विद्‌यालय में पहले दिन के अपने अनुभव सुनाओ । | अब तक प्रकृति से क्या-क्या सीखा बताओ । | प्रति सप्ताह हिंदी के सुवचनों को पढ़ो । | अपने राज्य के प्रमुख स्थलों के नाम और उनकी विशेषताएँ लिखो । |

# ✲ पुनरावर्तन ✲२

१. मित्रों के साथ की गई किसी वन की सैर का वर्णन सुनाओ ।

२. अपने विद्‌यालय के खेल विभाग से संबंधित जानकारी बताओ ।

३. रविवारीय समाचार पत्र से बाल कविताएँ पढ़ो ।

४. 'मैंने सबक सीखा' इस शीर्षक से अपने जीवन का कोई रोचक प्रसंग लिखो ।

५. अक्षर समूह में से खिलाड़ियों के नाम बताओ और लिखो ।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ह | ना | सा | ल | वा | ने | |
| पा | वा | था | शि | | | | |
| ह | को | ट | वि | ली | रा | | |
| भि | व | अ | बिं | न | द्रा | | |
| बी | जॉ | जू | र्ज | अं | बॉ | | |
| नि | मि | सा | र्जा | या | | | |
| ना | आ | न | वि | थ | द | श्व | नं |

## उपक्रम/प्रकल्प

- भारत की दस विशेषताओं को सुनाओ ।
- अपने शब्द भंडार में कितने नए शब्द जोड़े बताओ ।
- प्रति सप्ताह निबंध संग्रह से वर्णनात्मक निबंध पढ़ो ।
- मासांत के दिन हिमालय की शिखरों के नामों की सूची बनाओ ।